भारत सरकार

कोयला मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 574

जिसका उत्तर 06 दिसंबर, 2023 को दिया जाना है

अधिकारियों पर मुकदमा चलाने के लिए मंजूरी

574. श्री ए.के.पी. चिनराजः

क्या **कोयला** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या कोयला मंत्रालय के पास अधिकारियों के विरूद्ध मुकदमा चलाने की कोई मंजूरी तीन महीने से अधिक समय से लंबित है और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ख) मंत्रालय द्वारा वर्ष 2014 से अधिकारियों पर मुकदमा चलाने के लिए कुल कितनी स्वीकृतियां प्रदान की गई हैं?

उत्तर

संसदीय कार्य, कोयला एवं खान मंत्री

(श्री प्रल्हाद जोशी)

(क) : जी, हां। एक मामला लंबित है। तीन महीने की अवधि दिनांक 27.11.2023 को समाप्त हो गई है। यह मामला अभियोजन की स्वीकृति प्रदान करने के अग्रिम चरण में है।

(ख) : मंत्रालय द्वारा अधिकारियों पर मुकदमा चलाने के लिए वर्ष 2014 से कुल सात (07) स्वीकृतियां प्रदान की गई हैं।

****